फर्द अहकाम

कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री गोपाल कंसारा पिता स्व. उदयलाल निवासी देवगढ़ मदारिया, जिला राजसमन्द

– अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, गढबोर

– प्रत्यर्थी

किस्म मुकदमा– अपील सूचना का अधिकार, 2005 **पत्रावली संख्या 34/2021**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 31.08.2021 पत्रावली प्रस्तुत हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, गढबोर से प्राप्त नही होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टरं किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, गढबोर को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, गढबोर द्वारा जरिये क्रमांकः भू.अ./2021/1017 दिनांक 17.08.2021 से प्राप्त रिपोर्टानुसार श्री गोपाल कंसारा पिता उदयलाल कंसारा निवासी देवगढ़, मदारिया जिला राजसमन्द ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत बिन्दु सं. 01 गढबोर तहसील में कुल कुओं की संख्या प्रत्येक पटवार मण्डल में कुओं की संख्या प्रत्येक पटवार मण्डल में बिना मुण्डेर कुओं की संख्या के संबंध में सूचना तैयार कर प्रार्थी को साधारण डाक द्वारा उपलब्ध करा दी गई हैं। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, गढबोर की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, गढबोर की रिपोर्टानुसार प्रार्थी/अपीलार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध करवाये जाने से उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, गढबोर को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर)राजसमन्द**	

जिला कलक्टर राजसमन्द (राज.)